N.C.R.B/एन.सी.आर.बी
I.I.F.-I /एकीकृत जाँच फार्म-I

# FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट )
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. District (जिला): ACB DISTRICT | P.S. (थाना): C.P.S Jaipur | Year (वर्ष): 2025

2. FIR No. (प्र.सू.रि.सं): 0199 | Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय): 06/08/2025 16:40 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7 |
| 2 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7A |
| 3 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 61(2) |

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):

1. Day(दिन): दरमियानी दिन | Date From (दिनांक से): 21/07/2025 | Date To (दिनांक तक): 04/08/2025

Time Period (समय अवधि): पहर | Time From (समय से): 15:00 बजे | Time To (समय तक): 15:25 बजे

(b) Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 06/08/2025 | Time (समय): 14:30 बजे

(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) : Entry No. (प्रविष्टि सं.): 001 | Date & Time (दिनांक एवं समय) 06/08/2025 16:40:35 बजे

4. Type of Information (सूचना का प्रकार): लिखित

5. Place of Occurrence (घटनास्थल):

1. (a) Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी): NORTH, 3.5 किमी | Beat No. (बीट सं.) : NOT APPLICABLE

(b)Address(पता): MARWARA TENT HOUSE, BADA BAZAR, JHALAWAR

(c In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)

Name of P.S (थाना का नाम):

District(State) (जिला (राज्य) ):

6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):

(a) Name(नाम): MADHUSUDAN VERMA

(b) Father's Name (पिता का नाम): MANGILAL VERMA

(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष): 1975 (d)Nationality(राष्ट्रीयता): INDIA

(e) UID No(यूआईडी सं.):

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):
Date of Issue (जारी करने की तिथि): Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address(पता):

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | MEWARA SADAN, PANCHMUKHI BALAJI KE PASS, JHALAWAR, JHALAWAR, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | MEWARA SADAN, PANCHMUKHI BALAJI KE PASS, JHALAWAR, JHALAWAR, RAJASTHAN, INDIA |

(j) Phone number (दूरभाष न.): Mobile (मोबाइल न.): [redacted]

7. Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | AKASH KALOSIYA | | पिता:SURESH KUMAR KALOSIYA | 1. KANISHTH SAHAYAK,NAGAR PARISHAD,JHALAWAR,JHALAWAR,RAJASTHAN,INDIA |
| 2 | AJAY KUMAR | | पिता:ASHOK KUMAR | 1. MARWARA TENT HOUSE,BADA BAZAR,JHALAWAR,JHALAWAR |
| 3 | SANJAY SHUKLA | | पिता:DEENANAND | 1. CHAIRMAN,NAGAR PARISHAD JHALAWAR,JHALAWAR,RAJAS |

8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)**
**(सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | 30000 रूपये भारतीय चलन मुद्रा | 30,000.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):** 30,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

महोदय, हालात् घटना क्रम इस प्रकार है कि दिनांक 21.07.2025 समय 03.00 पीएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा पुत्र श्री मांगी लाल वर्मा जाति कलाल उम्र 50 वर्ष निवासी मेवाड़ा सदन पंचमुखी बालाजी के पास झालावाड़ (राज0) मो0नं0 [redacted] ने ब्यूरो कार्यालय झालावाड़ में उपस्थित होकर एक हस्तलिखित प्रार्थना पत्र मय स्वप्रमाणित आधार कार्ड की फोटोप्रति के मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेरणा शेखावत के समक्ष पेश किया। परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा के प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों का अवलोकन किया गया। परिवादी ने मजीद दरियाफ्त पर बताकर प्रार्थना पत्र में अंकित समस्त तथ्य सही होना तथा प्रार्थना पत्र स्वयं द्वारा लिखा जाकर अपने हस्ताक्षर करना बताया तथा प्रार्थना पत्र में अंकित किया कि " ग्राम मुण्डेरी में मेरी भूमि स्थित है, जिसका खसरा नं. 380 है को पर्यटन ईकाई भवन (मोटेल) में कन्वर्जन पट्टा की फाईल नगर परिषद झालावाड़ में गत् 4 वर्षो से पेण्डिग पड़ी है। जिसकी पॉवर ऑफ अटोर्नी मेरे नाम है, जिसकी 90 क कार्यवाही सहित आयुक्त महोदय के हस्ताक्षर व समस्त राशि जमा करवा रखी है। जिसपर पट्टा जारी करने के लिये सभापति श्री संजय शुक्ला के हस्ताक्षर होना शेष है। उक्त फाईल पर हस्ताक्षर के लिये में सभापति संजय शुक्ला से मिला तो उन्होने हस्ताक्षर करने के लिये 50.000/-रूपये की मांग रखी और नगर परिषद झालावाड़ में भूमि शाखा के बाबू श्री आकाश से मिलने के लिये कहा। जब मैं आकाश बाबू से नगर परिषद में जाकर मिला और मेरे पट्टे के सम्बन्ध में बात की और मैंने कहा कि मैं चेयरमैन साहब श्री संजय शुक्ला जी से मिलकर आ रहा हूँ। उन्होने आपसे मिलने के लिये कहा है और वह पट्टे जारी करने के लिये 50.000/-रूपये कि बोल रहे हैं। इस पर आकाश ने कहा कि भाईसाहब आपको पट्टा जारी करवाने के लिये 50 हजार रूपये तो खर्च करने ही पड़ेंगे। मैंने आकाश से हाथाजोड़ी की कि भाईसाहब 50 हजार रूपये तो बहुत ज्यादा है। मैं आपको इस मेटर में पूर्व में भी पैसे दे चुका हूँ। इसपर आकाश ने कहा कि इस मेटर में, मैं कुछ नहीं कर सकता अगर आपको पैसे कम करवाने हैं तो आप जाकर वापस चेयरमैन साहब शुक्ला जी से ही मिल लो, जो करेंगे वही करेंगे, नहीं तो मुझे तो आपको 50 हजार रूपये ही देने पड़ेगे। क्योंकि मेरे पास चेयरमैन साहब का कॉल आ चुका है और उन्होंने 50 हजार रूपये लेने के लिये ही बोला है। इस प्रकार नगर परिषद झालावाड़ के चेयरमैन श्री संजय शुक्ला व बाबू श्री आकाश मेरे से मेरा पर्यटन ईकाई भवन (मोटेल) का पट्टा जारी करने की एवज् में मेरे से 50 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। मैं उनको मेरे जायज काम के लिये इन दोनो को रिश्वत नहीं देना चाहता हूँ। उक्त दोनो को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़वाना चाहता हूँ। मेरी इनसे कोई रंजीश नहीं है ना ही कोई उधारी का लेनेदेन है। मेरी रिपोर्ट पर कार्यवाही करें"। परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र व मजमून दरियाफ्त से मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) की धारा 7 एवं 61(2) बीएनएस की परिधि में आना पाया गया है। अतः परिवादी श्री मधुसुदन वर्मा को आरोपीगण श्री संजय शुक्ला सभापति व श्री आकाश बाबू नगर परिषद झालावाड़ के पास भिजवाया जाकर रिश्वत की मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जावेगा। सत्यापन में जैसी स्थिति बनेगी, तदानुरूप अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। 03.30 पीएम पर श्री शिवराज कॉनि. 166 से मालखाना में रखे हुए ब्यूरो कार्यालय के डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर को निकलवाकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री मधुसूदन के सामने चेक किया जाकर डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर में मेमोरी कार्ड (Karbann Wipro 06-25 micro (10) SD HC 16 GB) डालकर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को चालू बन्द करने की विधिवत् प्रक्रिया ऑपरेटिंग करना भलीभांति समझाकर सुपुर्द कर रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन के क्रम में परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को आरोपीगण श्री संजय शुक्ला सभापति व श्री आकाश बाबू नगर परिषद झालावाड़ से उसके पेण्डिंग कार्य भूमि कन्वर्जन का पट्टा जारी करने से सम्बंधित रिश्वत मांग की स्पष्ट वार्ता करने एवं उक्त वार्ता को डिजीटल वाईस रिकॉर्डर में

रिकॉर्ड करने हेतु समझाईश कर कार्यालय के श्री देवदान सिंह कॉनि0 नं. 425 को परिवादी के साथ निगरानी हेतु अपनी-अपनी टू व्हीलर वाहनो से आवश्यक हिदायत देकर नगर परिषद झालावाड़ के लिए रवाना किया गया। रवानगी से पूर्व फर्द सुपुर्दगी डिजिटल वाईस रिकॉर्डर पृथक से मुर्तिब कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये थे। 06.20 पीएम पर श्री देवदान सिंह कानि- नं- 425 ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आया एवं मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड (Karbann Wipro 06-25 micro (10) SD HC 16 GB) पेश कर बताया कि आपके निर्देशानुसार मैं व परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा दोनों अपनी-अपनी टू व्हीलर वाहनो से रवाना होकर नगर परिषद झालावाड़ के पास सीमेण्ट रोड़ बड़ा बाजार में स्थित आरोपी सभापति श्री संजय शुक्ला के टेण्ट हाउस के पास कुछ दूरी पर रूके। मैंने परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को डीवीआर चालू करने की हिदायत कर वहीं पास आरोपी की दुकान दिखाई देने वाले स्थान पर खड़ा हो गया। परिवादी डीवीआर चालू कर आरोपी श्री संजय शुक्ला के टेंट हाउस पर पहुंचा। आरोपी अपनी दुकान पर बैठा था जिससे परिवादी वार्ता कर रहा था जो मुझे दूर से दिखाई दे रहा था। सभापति श्री संजय शुक्ला से वार्ता कर परिवादी वही पास स्थित नगर परिषद झालावाड़ अपने वाहन से पहुंचा। मैंने उसे जाता देख मैं भी अपने वाहन से उसके पीछे-पीछे नगर परिषद झालावाड़ के पास पहुंचा। अपना वाहन बाहर खड़ा कर नगर परिषद कार्यालय झालावाड़ के अन्दर दिखाई देने वाले स्थान से परिवादी को देख रहा था, जो नगर परिषद के एक कमरे में एक व्यक्ति से बात कर रहा था। कुछ समय उस व्यक्ति से वार्ता करने के बाद परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा नगर परिषद झालावाड़ से निकल कर अपने वाहन से रवाना हुआ। मैं भी उसके पीछे-पीछे रवाना हुआ। कुछ दूर जाने के बाद परिवादी रोड़ पर एक साईड रूका। मैं परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा के पास पहुंचा तो परिवादी ने मुझे बताया कि मैंने श्री संजय शुक्ला सभापति से अपने पेडिण्ग कार्य भूमि कन्वर्जन का पट्टा जारी कराने की वार्ता की आपके हस्ताक्षर नहीं होने से मेरा पट्टा जारी नहीं हो रहा है, इसपर उन्होने कागज पर लिखकर 40 हजार रूपये की मांग की इसपर मैंने उनसे 30 हजार रूपये देने की कहा तो उन्होने कहा आकाश से मिल लेना। इस पर मैं वहां से रवाना होकर नगर परिषद झालावाड़ में भूमि शाखा में आकाश बाबू के पास पहुंचा तो उसने मुझे बताया था कि अभी मेरे पास चेयरमेन साहब का फोन आया था उन्होने 30 हजार रूपये देने की बोला है। इस पर मैंने आकाश बाबू से कहा कि मैं तो उनसे 30 हजार रूपये की बोलकर आया हूँ। इस पर आकाश बाबू ने मुझसे कहा ठीक है देखलेना मैं तुझे बता दूंगा कब देना है किस व्यक्ति को देना है। उसके बाद मैं वहां से रवाना होकर बाहर आया डिजीटल टेप रिकॉर्डर बन्द कर वहां से रवाना हुआ था। परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ने मुझे डीवीआर सुपूर्द कर कहा की मुझे 30 हजार रूपयों का इन्तजाम करना है मैं सुबह साढ़े आठ बजे रूपये लेकर एसीबी कार्यालय में उपस्थित हो जाऊंगा। इस पर मैं परिवादी को वहीं छोड़कर अपनी मोटरसाईकिल से रवाना होकर एसीबी कार्यालय आया हूं। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा डिजिटल वाईस रिकॉर्डर को चलाकर सुना गया तो परिवादी द्वारा कानिस्टेबल को बताये गये कथनों पुष्टि हुई। फर्द प्राप्ति डिजीटल वाईस रिकॉर्डर मुर्तिब कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। श्री देवदान सिंह कानि. 425 द्वारा रिश्वत राशि मांग सत्यापन सम्बंधी रिकॉर्डेड डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के सुपुर्द शुदा को श्री शिवराज कॉनि. 166 को बुलाकर सुपुर्द कर सुरक्षित मालखाना में रखने की हिदायत दी गई। आईन्दा परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा एवं दो स्वतन्त्र गवाहान की उपस्थिति में डिजिटल वाईस रिकॉर्डर के मेमोरी कार्ड में रिकॉर्डेड वार्ता को ब्यूरो कार्यालय के लेपटाप में डालकर सुना जाकर फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता मुर्तिब की जावेगी। समय 06.30 पीएम पर परिवादी के बताये अनुसार कल दिनांक 22.07.2025 को ट्रेप कार्यवाही होने की सम्भावना है। अतः पूर्व से पाबन्दशुदा दो स्वतंत्र सरकारी गवाहान श्री राधेश्याम मालोदिया वरिष्ठ सहायक मो.नं. [redacted] व श्री ईश्वर राठौर कनिष्ठ सहायक मो0नं0 [redacted] कार्यालय जिला परिषद झालावाड़ को सुबह 08.30 एएम पर एसीबी कार्यालय झालावाड़ में उपस्थित होने हेतु जरिये दूरभाष उनके मोबाईलो पर कॉल कर पाबन्द करवाया गया। दिनांक 22.07.2025 समय 08.30 एएम पर कार्यालय हाजा में पूर्व से तलबिदा दो स्वतंत्र गवाहान जो कार्यालय पत्रांक 634 दिनांक 18.07.2025 द्वारा कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद झालावाड़ के पत्रांक 89 दिनांक 18.07.2025 से कार्यालय में उपस्थित आये हुए है, जिनको मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अपना परिचय देकर उनका नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम श्री राधेश्याम मालोदिया पुत्र श्री गोपाल लाल सालोदिया जाति मालोदिया उम्र 57 वर्ष निवासी आरटीओ ऑफिस के पीछे खण्डियां कॉलोनी झालावाड़ हाल वरिष्ठ सहायक जिला परिषद झालावाड़ मो0नं0 [redacted] व दूसरे अपना नाम श्री ईश्वर राठौर पुत्र श्री नन्दकिशोर राठौर जाति तेली उम्र 45 वर्ष निवासी मंगलपुरा पोस्ट ऑफिस के पीछे झालावाड़ हाल कनिष्ठ सहायक जिला परिषद झालावाड़ मो0नं0 [redacted] होना बताया। जिनको मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा समझाईश कर कार्यालय में बैठाया गया। समय 08.35 एएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आया व मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि वह अपने साथ दिनांक 21.07.2025 को आरोपीगणो से हुई रिश्वत मांग सत्यापन वार्तानुसार उन्होने मुझ से 40,000/-रूपये की मांग की थी परन्तु मैंने उनसे 30,000/-रूपये ही देने की कहा था, जो मैं लेकर आया हूँ। मैंने अपनी भूमि का कन्वर्जन पट्टा जारी कराने के सभापति श्री संजय शुक्ला व श्री मुकेश बाबू को उनकी मांग अनुसार आज 30,000/-रूपये देने की कहा है। वह कभी भी मुझे फोन कर सकते है। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी का ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री राधेश्याम मालोदिया व श्री ईश्वर

राठौर से परस्पर परिचय कराया गया। परिवादी श्री मधुसूदन द्वारा दिनांक 21.07.2025 को ब्यूरो कार्यालय में पेश किया गया प्रार्थना पत्र रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़वाने बाबत् पढ़कर सुनाया गया। इस पर दोनों स्वतंत्र गवाहान ने प्रार्थना पत्र को पढ़कर व परिवादी से वार्तालाप कर परिवादी द्वारा पेश किये गये प्रार्थना पत्र पर अपने-अपने हस्ताक्षर किये तथा ट्रेप कार्यवाही में सहयोग हेतु साथ रहने की सहमति दी। समय 09.00 एएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा व दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री राधेश्याम सालोदिया वरिष्ठ सहायक व श्री ईश्वर राठौर कनिष्ठ सहायक की मौजूदगी में मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश देकर श्री शिवराज कॉनि0 166 से मालखाना में सुरक्षित रखे हुए डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के निकलवाया गया। जिसके बारे में दोनों स्वतंत्र गवाह को समझाया गया कि दिनांक 21.07.2.2025 को परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा की आरोपीगण श्री संजय शुक्ला सभापति व श्री आकाश बाबू से अलग-अलग रिश्वत मांग की गोपनीय सत्यापन वार्तायें हो चुकी है। जो डिजिटल वाईस रिकॉर्डर में लगे हुए मेमोरी कार्ड (Karbann Wipro 06-25 micro (10) SD HC 16 GB) में अलग-अलग लिंक फोल्डर में रिकॉर्ड है। श्री देवदान सिंह कानि0 425 को निर्देश देकर डिजिटल वाईस रिकॉर्डर के मेमोरी कार्ड मे उक्त वार्ताओं को कार्यालय के लेपटॉप में लिवाकर दिनांक 21.07.2025 को परिवादी एवं श्री संजय शुक्ला सभापति के मध्य हुई रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता का लिंक फोल्डर 250721_1729 को क्लीक कर दोनों स्वतंत्र गवाहान व परिवादी के समक्ष वार्ता को लेपटॉप में अलग से लगे स्पीकर ऑन कर वार्ता को सुनाया गया, उक्त वार्ता में आवाजों की पहचान कर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ने एक आवाज स्वयं की व दूसरी आवाज आरोपी श्री संजय शुक्ला सभापति तथा तीसरी आवाज अन्य व्यक्ति की होना बताया। वार्ता की हूबहू लेपटॉप से टाईप कर फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा एवं आरोपी श्री संजय शुक्ला सभापति नगर परिषद झालावाड़ मेरे निर्देशन में श्री देवदान सिंह कानि0 नं0 425 द्वारा तैयार करवाकर संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल पत्रावली की गई। समय 10.00 एएम पर डिजिटल वाईस रिकॉर्डर में लगे हुए मेमोरी कार्ड (Karbann Wipro 06-25 micro (10) SD HC 16 GB) में अलग-अलग लिंक फोल्डर में रिकॉर्ड वार्ताओ में दिनांक 21.07.2025 को परिवादी एवं श्री आकाश बाबू के मध्य हुई रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता का लिंक फोल्डर 250721_1755_01 को क्लीक कर दोनों स्वतंत्र गवाहान व परिवादी के समक्ष वार्ता को लेपटॉप में अलग से लगे स्पीकर ऑन कर वार्ता को सुनाया गया, उक्त वार्ता में आवाजों की पहचान कर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ने एक आवाज स्वयं की व दूसरी आवाज आरोपी श्री आकाश बाबू तथा तीसरी आवाज अन्य व्यक्ति की होना बताया। वार्ता की हूबहू लेपटॉप से टाईप कर फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा एवं आरोपी श्री आकाश बाबू नगर परिषद झालावाड़ मेरे निर्देशन में श्री देवदान सिंह कानि0 नं0 425 द्वारा तैयार करवाकर संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल पत्रावली की गई। समय 11.00 एएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ने दोनों स्वतंत्र श्री राधेश्याम सालोदिया वरिष्ठ सहायक व श्री ईश्वर राठौर कनिष्ठ सहायक के समक्ष अपने पास से आरोपीगण श्री संजय शुक्ला सभापति व श्री आकाश बाबू नगर परिषद झालावाड़ की मांग अनुसार उन्हें देने हेतु रिश्वत राशि के 500-500 रूपये के 60 नोट कुल 30,000/-रूपये भारतीय मुद्रा के अपने पास से निकाल कर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश किये जिनके नम्बरों को फर्द पेशकशी में अंकित करवाया गया। उक्त प्रस्तुत नोटों को मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवादी व सरकारी स्वतन्त्र गवाहान को दिखा कर श्री छोटू लाल कानि. चालक नं. 534 से फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी मालखाना से निकलवाकर मंगवाई गई तथा उक्त कानि. चालक को रिश्वत में दिये जाने वाले नोट सुपुर्द कर उसके द्वारा ही 30,000/-रूपये रिश्वत राशि के नोटो पर फिनोफ्थलीन पाउडर इस प्रकार लगवाया गया कि नोटो पर पाउडर की मौजूदगी प्रभावी व अदृश्य रहे तथा गवाह श्री ईश्वर राठौर से परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा की जामा तलाशी लिवायी जाकर उसके पास पहने हुये कपड़े व मोबाईल के अलावा कुछ भी नहीं रहने दिया। श्री छोटू लाल कानि. चालक नं. 534 के हाथ से सीधे ही फिनोफ्थलीन पाउडर युक्त उक्त रिश्वत राशि परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा की पहनी हुई पेंट की साईड की दाहिनी जेब में रखवायी गयी। परिवादी को हिदायत दी गई की वह रिश्वत राशि को रास्ते में अनावश्यक हाथ नहीं लगाये तथा आरोपी द्वारा मांगने पर ही निकालकर रिश्वती राशि उसे देवें। रिश्वती राशि देने के पश्चात एवं पूर्व में आरोपीगण से हाथ नहीं मिलायें, यदि अभिवादन की आवश्यकता पड़े तो दूर से ही दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन कर लें। परिवादी को यह भी हिदायत दी गयी कि आरोपी द्वारा रिश्वती राशि प्राप्त करने के पश्चात् रिश्वत राशि कहां रखता अथवा छुपाता हैं का भी ध्यान रखें तथा आरोपी के रिश्वती राशि प्राप्त करने पर अपने स्वयं के सिर पर दोनों हाथ फेर कर या मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल पर मिस कॉल करें ताकि मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं ट्रेप पार्टी के सदस्यों को रिश्वती राशि के लेन-देन होने का पता चल जाये। दोनों स्वतन्त्र गवाहन व ट्रेप पार्टी के सदस्यों को भी हिदायत दी गई कि जहां तक सम्भव हो अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए रिश्वती लेन-देन को देखने एवं वार्तालाप को सुनने का प्रयास करें। इसके पश्चात् फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री छोटू लाल कानि0 चालक से ही मालखाना में रखवाया गया। एक साफ प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास में साफ पानी डलवाकर उसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर मिलाकर घोल तैयार करवाने पर गिलास के घोल के रंग में कोई परिवर्तन नहीं आया। डिस्पोजल गिलास के उक्त रंगहीन घोल में नोटों पर फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने वाले श्री छोटू लाल कानि0 चालक के दाहिने हाथ की अंगुलियां को डुबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग गहरा गुलाबी हो गया। इस तरह दोनों स्वतंत्र गवाहान् श्री राधेश्याम सालोदिया वरिष्ठ सहायक व श्री ईश्वर

राठौर कनिष्ठ सहायक एवं परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को दृष्टांत देकर समझाईश की गई कि जो भी व्यक्ति इन फिनोफ्थलीन पाउडर युक्त नोटो के हाथ लगायेगा या छुयेगा तो उसके हाथों की अंगुलियों को सोडियम कार्बोनेट पाउडर के घोल में धुलवाने पर दोनों पाउडर के परस्पर मिश्रण से घोल का रंग परिवर्तित होकर गुलाबी हो जायेगा, जिससे यह जाहिर होगा कि उसने फिनोफ्थलीन पाउडर युक्त रिश्वत राशि प्राप्त की है या छुई है। इसके पश्चात् श्री छोटू लाल कानि. चालक के द्वारा ही डिस्पोजल गिलास में दृष्टान्त के उपयोग में लिये गये गुलाबी घोल को बाथरूम के वॉश बेसिन में डलवाकर नष्ट करवाया गया तथा प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास को व फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने में काम में लिये गये अखबार को जलवाकर नष्ट करवाया गया। अन्य प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलासों, चम्मच, खाली पव्वों ट्रेप सामग्री किट इत्यादि को भी साफ पानी व साबुन से अच्छी तरह धुलवाये जाकर ट्रेप बॉक्स में रखवाये गये। श्री छोटू लाल कानि0 चालक एवं ट्रेप पार्टी के सदस्यगणों के दोनों हाथों को भी साफ पानी व साबुन से धुलवाया गया। इसके पश्चात् परिवादी को छोड़कर समस्त पार्टी के सदस्यगणों की अपनी-अपनी आपस में जामा तलाशी लिवाई गई तथा ट्रेप दल में ब्यूरो स्टाफ के पास स्वयं के विभागीय परिचय पत्र रहने दिये गये, किसी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु अथवा राशि नहीं रहने दी गई। रिश्वती लेन देन के समय होने वाली वार्ता को रिकॉर्ड करने हेतु एक डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड (Karbann Wipro 06-25 micro (10) SD HC 16 GB) के रख रखाव व संचालन की विधि पुनः समझाकर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को सुपुर्द किया गया। उक्त दृष्टांत कार्यवाही की पृथक मे फर्द प्राप्ति एवं सुपुर्दगी रिश्वती राशि नोट एवं दृष्टान्त मुर्तिब की जाकर हाजरिन को पढ़कर सुनाई गई, सुन समझ सही मान सम्बंधित ने अपने-अपने हस्ताक्षर किये। समय 01.00 पीएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ने बताया कि आरोपी आकाश बाबू ने रिश्वत मांग सत्यापन के दौरान कहा था कि श्री संजय शुक्ला सभापति को मेरे द्वारा कॉल कर या उनका मेरे पास कॉल आने पर कि किस व्यक्ति को रूपये दिलवाने है मैं तुम्हें कॉल कर बता दूंगा। काफी समय तक इन्तजार करने के पश्चात् भी आरोपी आकाश बाबू का परिवादी के मोबाईल पर कॉल नहीं आने पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश देकर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को कॉनि0 देवदान सिंह के साथ आपने-अपने टू व्हीलर वाहनो से आरोपीगण श्री संजय शुक्ला सभापति व श्री आकाश बाबू को दिखवाने व स्थिति जानने के लिये नगर परिषद झालावाड़ के लिये रवाना किया गया। समय 04.30 पीएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा व श्री देवदान सिंह कॉनि0 कार्यालय हाजा में उपस्थित आये। परिवादी ने मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को डिजिटल वाईस रिकॉर्डर मय मैमोरी कार्ड (Karbann Wipro 06-25 micro (10) SD HC 16 GB) सुपुर्द कर बताया कि यहां से रवाना होकर हम नगर परिषद झालावाड़ जा रहे थे जब आरोपी श्री संजय शुक्ला सभापति अपनी टेंट हाउस की दुकान में बैठा हुआ था मगर उसने मुझसे श्री आकाश बाबू के बताये अनुसार ही रूपये देने की कहा था इसलिये मैं नगर परिषद झालावाड़ में भूमि शाखा के कमरे में श्री आकाश बाबू के पास पहुंचा वहां काफी भीड़ थी। कुछ देर इन्तजार करने के बाद मैंने उनसे रिश्वत राशि किसे देना है के सम्बन्ध में वार्ता की तो उन्होने कहा मेरे पास अभी काम बहुत है, ये काम तसल्ली से होने वाले है, ये पैसे मेरे लिये तो लूंगा नहीं, मैं चेयरमैन साहब से पूछकर उन्हीं के आदमी को पैसे दिलवाऊगा, अभी आप जाओ, मैं आपको फोन कर आपको बता दूंगा। श्री देवदान जी भी अपनी उपस्थिति छुपाते हुए वही मौजूद रहे थे। इस पर हम दोनो नगर परिषद झालावाड़ से रवाना होकर कार्यालय में आये है। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री देवदान कॉनि0 से पूछने पर उसने परिवादी के कथनो की ताईद की। इस पर डीवीआर को चालू कर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तो परिवादी एवं श्री देवदान कॉनि0 के कथनो की पुष्टि हुई। फर्द प्राप्ति डिजीटल वाईस रिकॉर्डर मुर्तिब कर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। समय 05.00 पीएम पर डिजिटल वाईस रिकॉर्डर में लगे हुए मेमोरी कार्ड (Karbann Wipro 06-25 micro (10) SD HC 16 GB) में अलग-अलग लिंक फोल्डर में रिकॉर्ड वार्ताओ में दिनांक 22.07.2025 को परिवादी एवं श्री आकाश बाबू के मध्य हुई रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता का लिंक फोल्डर 250722_1538_01 को क्लीक कर दोनों स्वतंत्र गवाहान व परिवादी के समक्ष वार्ता को लेपटॉप में अलग से लगे स्पीकर ऑन कर वार्ता को सुनाया गया, उक्त वार्ता में आवाजों की पहचान कर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ने एक आवाज स्वयं की व दूसरी आवाज आरोपी श्री आकाश बाबू तथा तीसरी आवाज अन्य व्यक्ति की होना बताया। वार्ता की हूबहू लेपटॉप से टाईप कर फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत लेनदेन प्रयास वार्ता परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा एवं आरोपी श्री आकाश बाबू नगर परिषद झालावाड़ मेरे निर्देशन में श्री देवदान सिंह कानि0 नं0 425 द्वारा तैयार करवाकर संबंधितो के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल पत्रावली की गई। समय 06.00 पीएम पर काफी इन्तजार करने के पश्चात् भी जब आरोपी श्री आकाश बाबू का परिवादी के मोबाईल पर कॉल नहीं आया। इस पर ट्रेप कार्यवाही पेण्डिग रखने का निर्णय लिया गया। परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा की जेब से रिश्वत राशि 30,000/-रूपये को गवाह ईश्वर राठौर से निकलवाकर श्री शिवराज कॉनि0 को निर्देश देकर एक लिफाफे में रखवाया तथा जरिये श्री शिवराज कॉनि0 रिश्वत राशि का लिफाफा व डीवीआर को सुरक्षित मालखाने मे रखवाया गया। परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को समझाईश की गई कि जब भी आरोपीगण रिश्वत राशि प्राप्त करने हेतु कॉल करें तुरन्त कार्यालय में उपस्थित होकर सम्पर्क करें। दोनो स्वतन्त्र गवाहान को भी कार्यवाही की गोपनीयता बनाये रखने व कॉल करने पर तुरन्त ऑफिस में उपस्थित होने की हिदायत कर दोनो स्वतन्त्र गवाहान् श्री राधेश्याम सालोदिया वरिष्ठ सहायक व श्री ईश्वर राठौर कनिष्ठ सहायक तथा परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को कार्यालय से रूखसत किया गया। आईन्दा परिवादी के कार्यालय में उपस्थित होने पर अग्रिम

कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। दिनांक 28.07.2025 समय 01.00 पीएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा द्वारा ब्यूरो कार्यालय में दिनांक 21.07.2025 को रिश्वत मांग के सम्बन्ध में पेश अपने प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में नाही कोई कॉल किया है नाही कार्यालय में उपस्थित हुआ है। इस पर कॉल करवाकर परिवादी को बुलवाने पर कार्यालय में उपस्थित आया एवं मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अवगत् करवाया कि अभी तक मेरे पास श्री आकाश बाबू का कॉल नहीं आया है। बिना बुलाये उसके पास जाने पर उसे मेरे उपर शक हो सकता है। मैं श्री आकाश बाबू के कॉल का इन्तजार कर रहा हूँ। मैंने पता किया था, श्री संजय शुक्ला सभापति भी अधिक बरसात होने से नगर परिषद में नहीं बैठ रहे हैं। अभी मैं एक-दो दिन और श्री आकाश बाबू के कॉल का इन्तजार करूंगा। उनका कॉल नहीं आने पर दोनो आरोपीगण की नगर परिषद झालावाड़ में उपस्थिति सुनिश्चित होने पर मैं अपने पेण्डिग कार्य के सम्बन्ध में बात करने नगर परिषद जाऊंगा। इस पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा की मंशानुसार कार्यवाही पेण्डिग रखने का निर्णय लिया गया तथा समझाईश कर कार्यालय से रूखसत किया गया। आईन्दा परिवादी के कार्यालय में उपस्थित होने पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। दिनांक 31.07.2025 समय 11.10 एएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आया एवं मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अवगत् करवाया कि अभी तक मेरे पास श्री आकाश बाबू का कॉल नहीं आया है। श्री संजय शुक्ला सभापति व श्री आकाश बाबू नगर परिषद झालावाड़ में उपस्थित हैं या नहीं पता करके वापस आता हूँ। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय के श्री देवदान सिंह कॉनि0 को परिवादी के साथ नगर परिषद जाकर गोपनीय रूपसे हालात् पता करने हेतु अपने-अपने वाहनो से रवाना किया गया। समय 01.00 पीएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा व श्री देवदान सिंह कॉनि0 ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आये। परिवादी ने मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि मैं व श्री देवदान जी एसीबी कार्यालय से रवाना होकर श्री संजय शुक्ला सभापति की टेन्ट हाऊस की दूकान के सामने से जा रहे थे तब श्री संजय शुक्ला अपनी दुकान में उपस्थित नहीं थे। नगर परिषद झालावाड़ पहुंचकर मैंने सभापति का पता करवाया तो वह कार्यालय में भी उपस्थित नहीं थे। इसके बाद में नगर परिषद के भूमि शाखा के रूम में पहुंचा जहां श्री आकाश बाबू भी उपस्थित नहीं थे। मैंने कुछ देर नगर परिषद में रूककर दोनो का इन्तजार किया परन्तु वह दोनो नहीं आये। इस पर मैंने नगर परिषद के अन्य कर्मचारियों से पता किया तो बताया कि आकाश जी व सभापति जी आज नहीं आये हैं, अवकाश पर हैं या नहीं इस बारे में भी किसी ने कुछ नहीं बताया। इस पर नगर परिषद से बाहर आकर मैंने हालात देवदान जी को बताये तथा वहां से रवाना होकर हम दोनो अपने-अपने वाहनो से कार्यालय आये है। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री देवदान सिंह कॉनि0 से पूछने पर बताया कि मैं अपनी उपस्थिति छुपाते हुए भीड़ में नगर परिषद में ही मौजूद था। आज दोनो ही आरोपीगण नगर परिषद में मौजूद नहीं थे तथा श्री देवदान कॉनि0 द्वारा परिवादी के कथनो की ताईद की गई। इस पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को कार्यवाही की गोपनीयता बनाये रखने व आरोपीगण का रिश्वत राशि मांगने हेतु कॉल आने पर तुरन्त कार्यालय में उपस्थित होने की समझाईश कर कार्यालय से रूखसत किया गया। आईन्दा परिवादी के कार्यालय में उपस्थित होने पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। दिनांक 04.08.2025 समय 11.00 एएम पर परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा कार्यालय में उपस्थित आया एवं मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अवगत् करवाया गया कि मैनें पता करवाया था कि श्री संजय शुक्ला सभापति एवं श्री आकाश बाबू नगर परिषद झालावाड़ में उपस्थित है। मैं आज अपने पट्टे के सम्बंध में रिश्वत राशि लेकर बात करने जाउंगा। इस पर पूर्व से पाबन्द शुदा दोनो सरकारी गवाहान श्री राधेश्याम सालोदिया एवं श्री ईश्वर राठौर को जर्ये दुरभाश कॉल कर शीघ्र कार्यालय में उपस्थित आने के निर्देश दिये गये। समय 11.15 एएम पर दोनो सरकारी गवाहान श्री राधेश्याम सालोदिया एवं श्री ईश्वर राठौर कार्यालय में उपस्थित आये जिन्हे मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत् करवाया कि परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ने बताया है कि दोनो आरोपीगण नगर परिषद झालावाड़ में उपस्थित है, आज यह अपना पट्टा जारी करवाने के लिये रिश्वत राशि लेकर उनसे बात करने जायेंगे। इस पर दोनो स्वतंत्र गवाहान ने परिवादी से वार्ता कर कार्यवाही में साथ रहने की सहमति दी। समय 11.30 एएम पर दोनो सरकारी गवाहान के समक्ष मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री छोटूलाल कानि चालक 534 को निर्देशित कर कार्यालय मालखाना में पूर्व में लिफाफे में रखी फिनोफ्थलीन पाउडर युक्त रिश्वत राशि निकलवाकर मंगवाई गई। स्वतंत्र गवाह श्री ईश्वर राठौर से परिवादी श्री मधुसूदन की तलाशी लिवाकर उसके पास पहने कपडो के अलावा कुछ भी नही रहने दिया गया। कानि चालक श्री छोटूलाल से उक्त रिश्वत राशि 500-500 रूपये के नम्बरी 60 नोटों को लिफाफे से निकलवाकर परिवादी की पहनी हुई पेन्ट की साईड की दाहिनी जेब रखवाई गई तथा श्री शिवराज कानि 166 को निर्देशित कर कार्यालय मालखाना से पूर्व में लगा मेमोरी कार्ड सहित डीवीआर निकलवाकर चैक कर रिश्वत लेनदेन के समय होने वाली वार्ता को रिकॉर्ड करने हेतु परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को सुपुर्द किया गया। श्री छोटूलाल कानि चालक से लिफाफे को नष्ट करवाकर हाथों को साबुन पानी से अच्छी तरह धुलवाया गया, साथ ही ट्रेप पार्टी के सदस्यों के हाथ भी साबुन पानी से धुलवाये गये। समय 11.35 एएम पर परिवादी श्री मधुसुदन वर्मा को अपने कार्य के सम्बंध में उसकी मोटरसाईकिल से नगर परिषद झालावाड़ के लिये रवाना कर तथा उसके पीछे-पीछे श्री देवदान सिंह कानि 425, श्री गोपाल लाल सउनि, श्री शीशराम कानि 126, श्री शिवराज कानि 166 को अलग-अलग मोटरसाईकिलों से नगर परिषद झालावाड़ की ओर रवाना कर हिदायत की गई कि वह अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुये नगर परिषद के आस-पास परिवादी की निगरानी करें तथा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय दोनों सरकारी

गवाहान श्री राधेश्याम सालोदिया व श्री ईश्वर राठौर, श्री साजिद खान पुलिस निरीक्षक, श्री मोहम्मद आफाक सउनि मय ट्रेप बॉक्स, कम्प्यूटर लेपटॉप, प्रिन्टर ट्रेप कार्यवाही में काम आने वाली सामग्री को सरकारी वाहन बोलेरों मे रखवाकर मय चालक श्री छोटूलाल न. 534 के सरकारी वाहन से उनके पीछे-पीछे रवाना हुई। समय 11::50 एएम पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय जाब्ता नगर परिषद झालावाड़ के पास स्थित गढ़ पैलेस में पहुंची। सरकारी वाहन को गढ़ पैलेस में एक साईड खड़ा करवाकर चालक श्री छोटूलाल को वाहन में ही छोडकर दोनो स्वतंत्र गवाहान एवं जाब्ते को साथ लेकर पैदल-पैदल नगर परिषद झालावाड़ के आस-पास अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुये पहुंचे, जहां पूर्व से निर्देशित जाब्ता भी अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुये नगर परिषद के आस-पास मौजूद था, नगर परिषद झालावाड़ के आस-पास मुकिम रहकर परिवादी द्वारा आरोपीगण को रिश्वत राशि देने के ईशारे की प्रतिक्षा में ट्रेप जाल बिछाकर मुकिम रहे। समय 03::00 पीएम पर काफी समय इंतजार करने के पश्चात परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा नगर परिषद झालावाड़ से बाहर निकलकर बिना कोई ईशारा किये दाहिनी साईड रोड़ पर पैदल-पैदल जाने लगा। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय दोनों स्वतंत्र गवाहान एवं जाब्ता कुछ दूरी बनाकर अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुये परिवादी के पीछे-पीछे रवाना हुये। परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा नगर परिषद बड़ा बाजार में सामने वाली लाईन में बनी दुकानों में कुछ दूरी पर जाकर मारवाड़ा टैन्ट हाउस के सामने जाकर रूका एवं दुकान के अन्दर प्रवेश किया तथा दुकान में मौजूद व्यक्तियों से वार्ता करने लगा। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दोनो स्वतंत्र गवाहान एवं जाब्ता परिवादी द्वारा रिश्वत देने के ईशारे की प्रतिक्षा में आस-पास अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुये मुकिम हुये। समय 03::25 पीएम पर उपरोक्त गवाहान के समक्ष परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा ने मारवाड़ा टैन्ट हाउस, बडा बाजार, झालावाड़ के बाहर से अपने सिर पर दोनो हाथ फेरकर एसीबी टीम की ओर रिश्वत राशि देने का ईशारा किया। जिस पर बड़ा बाजार रोड़ पर अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाये हुये ट्रेप टीम के सदस्यगण श्री साजिद खान पुलिस निरीक्षक, श्री मोहम्मद आफाक सउनि, श्री गोपाल लाल सउनि, श्री देवदान सिंह कानि 425, श्री शिवराज कानि 166, श्री शीशराम कानि 126 एवं दोनो सरकारी गवाहान को साथ लेकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परिवादी मधुसूदन वर्मा के पास पहुंची। तथा डीवीआर परिवादी के हाथ से लेकर बंद किया। परिवादी ने मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि नगर परिषद में श्री आकाश बाबूजी ने श्री संजय शुक्ला सभापति से पूछकर मारवाड़ा टैन्ट हाउस पर श्री अजय कुमार को 30,000/- रूपये देने के लिये कहा था। इस पर मैंने अभी-अभी आकाश बाबू के कहे अनुसार बड़ा बाजार रोड़ पर स्थित मारवाड़ा टेन्ट हाउस पर टी शर्ट और काली जीन्स पेन्ट पहने श्री अजय कुमार जी को 30000/- रूपये रिश्वत राशि के दिये है जो अभी रूपयों को हाथ में लेकर गिन रहे है। परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा को साथ लेकर जाप्ता एवं दोनो स्वतंत्र गवाहन को पीछे आने का ईशारा कर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मारवाड़ा टैन्ट हाउस पर पहुंची जहां एक व्यक्ति परिवादी के बताये हुलियेनुमार कुर्सी पर बैठे हुये नोटो को गिन रहा था, जिसकी ओर ईशारा कर परिवादी ने बताया कि यही अजय कुमार जी है जिनको 30,000/-रूपये देने के लिये श्री संजय शुक्ला सभापति द्वारा श्री आकाश बाबूजी को बताया था, तथा उनके कहने पर ही मैने अभी-अभी इनको 30,000/-रूपये दिये है। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अपना नाम, पद का परिचय देते हुये आने का कारण बताकर उससे नाम पता पूछा गया तो वह थोड़ा घबरा गया तथा अपना नाम श्री अजय कुमार पुत्र श्री अशोक कुमार जाति माली उम्र 38 साल निवासी जैन मंदिर के पीछे बड़ा बाजार झालावाड़ होना बताया। 180 बीएनएसएस के तहत नया मेमोरी कार्ड लगाकर सरकारी मोबाईल फोन से समस्त पूछताछ को रिकॉर्ड किया गया। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अभी-अभी परिवादी श्री मधुसूदन से ली गई रिश्वत राशि जिनको वह गिन रहा था के बारे में पूछा कि यह आपने किसके कहने पर लिये है तो कुछ देर सोचकर आरोपी श्री अजय कुमार ने परिवादी श्री मधूसूदन वर्मा की ओर ईशारा कर बताया कि इन्होने मुझे अभी-अभी 30,000/-रूपये दिये है, इन्होने कहा कि श्री संजय शुक्ला सभापति एवं श्री आकाश कलोसियां ने 30,000/-रूपये मारवाड़ा टैन्ट हाउस पर श्री अजय कुमार को देने के लिये कहा था जिस पर इन्होने मेरा नाम पूछकर 30,000/-रूपये दिये है। इस पर मैने अपने मोबाईल मे कॉल कर श्री संजय शुक्ला सभापति से बात की। फिर मैने श्री आकाश कलोसियां जी के कॉल किया तो उन्होने कहा कि मधुसूदन जी की सुन लेना क्या कहना चाह रहे है, फिर मधुसूदन जी ने मुझे 500-500 रूपये की नोटो की गड्डी देकर बताया कि यह 30,000/-रूपये है। इस पर मैं नोटो को गिन ही रहा था कि इतने में आप लोग आ गये। इस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री मधुसूदन वर्मा से श्री अजय कुमार को 30,000/-रूपये रिश्वत राशि देने बाबत पूछा गया तो परिवादी मधुसूदन वर्मा ने बताया कि नगर परिषद में मुझे श्री आकाश कलोसियां बाबूजी ने कहां था कि चैयरमैन साहब से बात हो गई है उन्होने मारवाड़ा टैन्ट हाउस पर श्री अजय कुमार जी को 30,000/-रूपये देने की कहा हैं, तुम वहां जाकर रूपये दे आओं। इस पर मैं नगर परिषद से थोडा आगे मेन रोड़ पर स्थित मारवाड़ा टैन्ट हाउस पर पहुंचा तथा कहां कि चैयरमैन साहब के रूपये देने है, तो वहां मौजूद श्री अजय कुमार जी ने मुझसे मेरा नाम पूछा, उसके बाद इन्होने चैयरमैन साहब के फोन लगाया, तो चैयरमैन साहब ने श्री अजय कुमार जी को बताया कि आकाश से बात कर लो, इस पर अजय कुमार जी ने आकाश जी को व्हाट्स एप कॉल लगाया तो आकाश जी ने कॉल रिसीव नही किया, इस पर अजय कुमार जी ने मुझसे कहां कि आकाश जी मेरा फोन नही उठा रहे है आप फोन लगाओ, इस पर मैने आकाश जी को फोन लगाया तो फोन व्यस्त आ रहा था, मैने अजय कुमार जी से बोला कि अभी फोन व्यस्त आ रहा है, इस पर अजय कुमार जी ने कुछ देर बाद

